डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल वेलचेरी, चेन्नई - 42

आभासी ओणम समारोह

भारत त्योहारों का देश है। इनमें हमारे देश की संस्कृति झलकती है। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल की चेन्नई शाखा संस्कृति की इस धरोहर को अपने में समेटे हुए निरंतर कार्यरत है। इसके अंतर्गत 19.08.2021 को आभासी ओणम त्योहार का आयोजन किया गया। ओणम केरल का फसलों का त्योहार है। संपूर्ण कार्यक्रम की धूरी का यही केन्द्र बिंदु रहा। कार्यक्रम का आरंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ। मंत्रोच्चार की ध्वनि ने तन और मन दोनों को आत्मविभोर कर दिया। इसके पश्चात छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का आरंभ करते हुए राजा महाबली के जीवन की झॉकी को गीत और नृत्य के द्वारा हृदयस्पर्शी ढंग से प्रस्तुत किया कि सब भावविभोर हो गए। त्योहार का अर्थ है- खुशी और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद उठाना। कक्षा सातवीं की छात्राओं ने ओणम में बनाए जाने वाले खाद्य व्यंजनों की पाक विधि को बड़े ही सरल एवं आकर्षक रूप में व्यक्त किया। ओणम के अवसर पर बनाए जाने वाली रंगोली अपनी कलात्मकता का एक अनूठा नमूना है। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने सब्ज़ियों के छिलके, फूलों और दालों की सहायता से विभिन्न डिजाइनों की ऐसी रंगबिरंगी झॉकी प्रस्तुत की कि मन मयूर नाच उठा। संगीत और नृत्य का अद्‌भुत संगम केरल की नृत्य शैली में स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। इसका साक्षात नमूना कक्षा नवीं के विद्यार्थियों ने अपने नृत्य में प्रस्तुत किया। मानवीय भावों को साक्षात अभिव्यक्ति इसकी चरम सीमा रही। आर्ट गैलरी यानि चित्रों का मेला। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने अपने आर्ट गैलरी में विभिन्न खेलों का चित्रात्मक वर्णन बड़ी ही कुशलता से किया। अंत में प्रधानाचार्या जी ने अपने अमूल्य विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया। शांति जीवन का मूलमंत्र है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु शांति पाठ किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और रुचिपूर्ण रहा।

भारत त्योहारों का एक ऐसा अद्‌भुत मेला है ,
हर क्षण और हर पल लगता खुशियों का मेला है।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल वेलचेरी, चेन्नई - 42

आभासी ओणम समारोह

ओणम पर्व का संपूर्ण चित्रण